# इण्डिया ग्लाईकोल्स लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय- ए-1 इण्डस्ट्रियल एरिया, बाजपुर रोड, काशीपुर-244713
जिला उधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड) फोन : 05947-269500 फैक्स: 05947-275315
ई मेल : iglho@indiaglycols.com वेबसाइट: www.indiaglycols.com
CIN . L24111UR1983PLC009097

## 32वीं वार्षिक आम बैठक, ई-मतदान जानकारी तथा किताबबन्दी की सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि इण्डिया ग्लाईकोल्स लिमिटेड ("कम्पनी") के सदस्यों की 32वीं वार्षिक आम बैठक (ए.जी.एम.) शनिवार 24 सितम्बर, 2016 को प्रातः 11.00 बजे कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय-ए-1, इण्डस्ट्रियल एरिया, बाजपुर रोड, काशीपुर-244713, जिला उधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड में आयोजित की जायेगी जिसमें एजीएम सूचना दिनांक 05 अगस्त, 2016 में वर्णित व्यवसायों को निष्पादित किया जायेगा। इस आशय की सूचना एवं 31 मार्च, 2016 को समाप्त अंकेक्षित स्टैंडअलोन तथा समेकित वित्तीय विवरण, लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट बोर्ड की रिपोर्ट अंशधारकों को कूरियर द्वारा या पंजीकृत डाक से तथा ऐसे सदस्य जिनका ई-मेल पता डिपोजिटरी/रजिस्ट्रार एवं अंतरण एजेंट के पास पंजीकृत है, उन्हें ईलेक्ट्रानिकली, को भेजने का काम 31 अगस्त, 2016 को पूर्ण कर लिया है। ये दस्तावेज कम्पनी की वेबसाइट: www.indiaglycols.com में 'निवेशक सम्बन्ध' अनुच्छेद के अंदर तथा NSDL की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध हैं। जिन सदस्यों को ए.जी.एम. नोटिस व वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई हो, वे कम्पनी की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं या उपरोक्त पते पर कम्पनी सचिव को पत्र लिखकर अथवा ई-मेल आईडी पर अनुरोध कर प्रतिलिपि मंगा सकते हैं।

कम्पनीज अधिनियम 2013 की धारा 91 सहपठित कम्पनी (प्रबन्धन एवं प्रशासन) नियमों 2014 के नियम 10 व भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताओं) नियमों, 2015 (SEBI सूचीकरण नियमों) के नियम 42 के अनुसरण में एतद्द्वारा पुनः सूचित किया जाता है कि कम्पनी के सदस्यों की पंजिका तथा शेयर हस्तान्तरण बहियां मंगलवार, 20 सितम्बर, 2016 से शनिवार, 24 सितम्बर, 2016 (दोनों दिन शामिल) ए.जी.एम. के लिए बंद रहेंगी।

इसके अलावा कम्पनीज अधिनियम 2013 की धारा 108 के प्रावधानों और कम्पनी (प्रबन्ध एवं प्रशासन) नियम 2014 एवं संशोधित कम्पनी (प्रबन्ध एवं प्रशासन) नियम 2015 के नियम 20 एवं सेबी सूचीकरण नियमों के नियम 44 के संदर्भ में कम्पनी ने नेशनल सिक्यूरिटीज डिपाजिटरी लिमिटेड (NSDL) द्वारा उपलब्ध कराये गये ई-मतदान प्लेटफार्म के माध्यम से ए.जी.एम. में व्यवसाय निष्पादित करने के लिए ई-मतदान की सुविधा (एजीएम आयोजन स्थल के अलावा दूर-दराज क्षेत्रों के लिए "रिमोट ई-मतदान") प्रदान कर रही है। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि (क) 32वीं ए.जी.एम. की सूचना में निर्दिष्ट व्यवसायों को ई-मतदान द्वारा निष्पादित किया जा सकता है। (ख) रिमोट ई-मतदान मंगलवार, 20 सितम्बर, 2016 को 9.00 बजे प्रातः से शुरू होगी। (ग) रिमोट ई-मतदान शुक्रवार, 23 सितम्बर, 2016 को सायं 5.00 बजे समाप्त हो जायेगी। (घ) रिमोट ई-मतदान के लिए सदस्यों के अधिकारों की गणना की कट-ऑफ-डेट 17 सितम्बर, 2016 है। (ङ) फिजीकल फार्म में अथवा डिमटिरियलाईज्ड फार्म में शेयर धारक सदस्यों को इलेक्ट्रानिकली मतदान के लिए लॉग इन आईडी व पासवर्ड प्रदान किए गये हैं। सूचना भेजने के पश्चात जिस व्यक्ति ने शेयर अधिग्रहण किए हों तथा कम्पनी का सदस्य बना हो तथा कट-ऑफ तिथि अर्थात् 17 सितम्बर, 2016 को शेयर धारण किए हों, वे evoting@nsdl.co.in या admin@mcsregistrars.com पर अनुरोध पत्र भेजकर लॉगइन आईडी व पासवर्ड प्राप्त कर सकते हैं। (च) रिमोट-ई-वोटिंग की अनुमति शुक्रवार 23 सितम्बर, 2016 को 5.00 बजे पश्चात नहीं होगी। (छ) ए.जी.एम. में मत पत्र द्वारा मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी तथा बैठक में मौजूद सदस्य, जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग द्वारा मतदान नहीं किया हो, वे बैठक में मतपत्र द्वारा मताधिकार करने के हकदार होंगे। (ज) जिन सदस्यों ने रिमोट ई-वोटिंग से मत डाल दिया है, वे ए.जी.एम. में प्रतिभाग तो कर सकते हैं, किन्तु उन्हें बैठक में फिर से मतदान की अनुमति नहीं दी जायेगी। (झ) कट-ऑफ तिथि अर्थात 17 सितम्बर, 2016 को डिपाजिटरी द्वारा अनुरक्षित सदस्यों/हितकारी मालिकों की पंजिका में जिन व्यक्तियों के नाम प्रविष्ट हैं, केवल वे ही रिमोट ई-वोटिंग तथा ए.जी.एम. में मतदान की सुविधा प्राप्त करने के हकदार होंगे तथा (ञ) इलैक्ट्रानिक मतदान की प्रक्रिया और तरीके के लिए, सदस्यों से अनुरोध है कि वे 32वीं ए.जी.एम. की सूचना में वर्णित अनुदेशों को पढ़ें, जो कम्पनी की वेबसाइट में उपलब्ध हैं या NSDL की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com देखें तथा पूछताछ के मामले में, सदस्य फ्रीक्वेन्टली आस्क्ड क्वश्चन्स (FAQs) का संदर्भ लें तथा ई-वोटिंग उपयोगकर्ता के मैनुअल के लिए सदस्य www.evoting.nsdl.com के "डाउनलोड" अनुभाग पर जायें या श्री राजीव रंजन, सहायक प्रबन्धक, नेशनल सिक्यूरिटीज डिपाजिटरी लिमिटेड, ट्रेड वर्ल्ड, 'A' विंग, चतुर्थ तल, कमला मिल्स कम्पाउण्ड, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुम्बई-400013 पर e-mail ID : evoting@nsdl.co.in., दूरभाष सं. 022-24994738 या फिर टॉल फ्री नं. 1800-222-990 पर सम्पर्क करें, जो इलैक्ट्रोनिक मतदान के साथ जुड़े शिकायतों पर व्याख्यान देंगे। सदस्य उपरोक्त उल्लेखित e-mail ID पर या पंजीकृत कार्यालय के पते पर कम्पनी सचिव को भी लिख सकते हैं। वोटिंग तथा रिमोट ई-वोटिंग प्रक्रिया की निष्पक्ष व पारदर्शिता की जांच के लिए कम्पनी ने आशीष सक्सेना एण्ड को., कम्पनी सेक्रेटरीज, गाजियाबाद के श्री आशीष सक्सेना (सदस्यता नं. FCS 6560) को जांचकर्ता नियुक्त किया है।

फिजिकल मोड के शेयर धारक सदस्यों से अनुरोध है कि पता/लाभांश विधिक आदेश में परिवर्तन, यदि कोई हो, तो कम्पनी के रजिस्ट्रार एण्ड शेयर ट्रांसफर एजेंट मै. MCS शेयर ट्रांसफर एण्ड एजेंट लिमिटेड, पहला तल, एफ-65, ओखला इण्डस्ट्रियल एरिया, फेज-1, नई दिल्ली- 110020 को सूचित करें तथा डिमैट मोड के शेयर धारकों को अपने डिपाजिटरी प्रतिभागियों को इस तरह के बदलाव के बारे में सूचित करना चाहिए।

कृते इण्डिया ग्लाईकोल्स लिमिटेड
(हस्ता./-)
अंकुर जैन
कम्पनी सचिव

स्थान- नोएडा
दिनांक: 01 सितम्बर 2016

UTTAR UJALA DTD 02-9-2016